2025
International Year of Cooperatives

## ।। कार्यालय कमाण्डेन्ट तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर।।

क्रमांक न–5(2)आरएसी–3 / बल / कानि. भर्ती–2025 / 6796-6809 दिनांकः– 16.12.2025

### –:प्रेस नोटः–

पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर की विज्ञप्ति क्रमांक न–5( )पु.फो. / कानि.भर्ती–25 / 2024 / 1360 दिनांक 09.04.2025 (यथासंशोधित) में तीसरी बटालियन आरएसी, बीकानेर में कानिस्टेबल (बैण्ड) के वर्गवार विज्ञापित 05 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित बोर्ड द्वारा दिनांक 09.12.2025 को स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर रोड़ बीकानेर में शारीरिक दक्षता (PET), शारीरिक मापतौल परीक्षा (PST) एवं बैण्ड दक्षता परीक्षा (Proficiency Test) का आयोजन कर निम्नाकिंत अभ्यर्थियों को कानिस्टेबल (बैण्ड) की चयन सूची पर लिया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, राजस्थान जयपुर के पत्रांक न–5(73)पु.फो. / कानि.भर्ती–25 / 2025 / 6066 दिनांक 15.12.2025 द्वारा चयन सूची का अनुमोदन किया गया है :–

| S. N. | Roll No. | Name | Father's/ Husband Name | Sex | Category | Select Category | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 510000367 | SUNIL GAHLOT | JAGDISH GAHLOT | M | GENERAL | GEN-1 | - |
| 2. | 510000557 | RAHUL VAISHNAV | BHARAT DAS VISHNAV | M | OBC-NON CREAMY | GEN-2 | - |
| 3. | 510000500 | SANDEEP SINWAR | DHANNA RAM SINWAR | M | OBC-NON CREAMY | OBC-1 | - |
| 4. | 510000802 | JAMEER | ANAND PRAKASH | M | OBC-NON CREAMY | OBC-2 | - |
| 5. | 510000744 | DEVPAL SINGH | VISHAN DAN | M | OBC-NON CREAMY | OBC-3 | - |

चयनित अभ्यर्थियों की सूची राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाईट http://www.police.rajasthan.gov.in पर अपलोड एवं इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की गई है। परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में पूर्ण रूप से सावधानी बरती गई है, फिर भी इस कार्यालय की सूचना को अधिकृत माना जावे।

उपर्युक्त चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने बायोमेट्रिक, स्वास्थ्य परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन एवं चरित्र सत्यापन हेतु समस्त मूल दस्तावेज निम्नानुसार प्रस्तुत करेंगे:–

1. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र।
2. जाति प्रमाण–पत्र।
3. मूल निवास प्रमाण–पत्र।
4. जन्मतिथि प्रमाण–पत्र।
5. नियमित रूप से अन्तिम शिक्षा ग्रहण करने वाले शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी किया गया चरित्र प्रमाण–पत्र।
6. विवाह पंजीयन प्रमाण–पत्र (यदि विवाहित हो)।
7. दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र (जो छः माह से ज्यादा पूराने एवं रिश्तेदार द्वारा जारी नहीं हो)।
8. दो फोटो पहचान पत्र।
9. दहेज नहीं लेने सम्बन्धी शपथ–पत्र।
10. दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात दो से अधिक जीवित सन्तान नहीं होने सम्बन्धी शपथ–पत्र।
11. एक से अधिक जीवित पति / पत्नि नहीं होने सम्बन्धी शपथ–पत्र।
12. आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होने या सजायाफ्ता नहीं होने के सम्बन्ध में शपथ–पत्र।

Signature valid

Digitally signed by Seema Hingonia
Designation: Additional Superintendent of Police
Date: 2025.12.16 14:13:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19411559
eSign 1.0

13. राजकीय कर्मचारी होने की स्थिति में सेवा प्रमाण–पत्र एवं नियोक्ता/विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र।
14. अन्तिम तिथि के पश्चात जारी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया गया हो तो, अभ्यर्थी इस आशय का एक शपथ–पत्र प्रस्तुत करेगा कि वह आवेदन की अन्तिम तिथि को सम्बन्धित वर्ग की पात्रता रखता था एवं यह सूचना गलत पाये जाने पर उसकी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
15. धुम्रपान/तम्बाकू सेवन नहीं करने का शपथ–पत्र।
16. 10 पासपोर्ट साईज नवीनतम रंगीन फोटो।

चयनित अभ्यर्थी उपरोक्त सभी मूल दस्तावेज मय 02–02 स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित **दिनांक 18.12.2025** को **प्रातः 09:00 बजे कमाण्डेन्ट, तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर के कार्यालय में उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।** निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर यह मानते हुए कि आप उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक नहीं है, चयन सूची से आपका नाम पृथक करने की कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं अन्य मानदेय देय नहीं होगा तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय के दूरभाष संख्या 0151–2226143 पर कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कमाण्डेन्ट
तीसरी बटा. आरएसी बीकानेर

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, (भर्ती एवं पदौन्नति बोर्ड) राजस्थान जयपुर को सूचनार्थ भेजकर निवेदन है कि बायोमेट्रिक कम्पनी के प्रतिनिधि को **दिनांक 18.12.2025** को कार्यालय कमाण्डेन्ट, तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर में प्रातः 08:00 बजे उपस्थित होने हेतु पाबन्द करने का श्रम करावें।
2. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन्स, राजस्थान जयपुर।
3. महानिरीक्षक पुलिस, बीकानेर रेंज बीकानेर।
4. जिला कलेक्टर, जिला– बीकानेर।
5. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान जयपुर को भेजकर निवेदन है कि प्रेस नोट को समस्त स्थानीय/प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में अविलम्ब निःशुल्क प्रकाशित कराने का श्रम करावें।
6. समस्त जिला पुलिस अधीक्षकगण मय जीआरपी अजमेर/जोधपुर।
7. समस्त कमाण्डेन्ट, आरएसी बटालियन्स मय एमबीसी/हाड़ीरानी/एसडीआरएफ/ महाराणा प्रताप बटालियन।
8. सम्पादक, . . . . . . . . . . . बीकानेर को भेजकर निवेदन है कि उक्त प्रेस नोट को स्थानीय दैनिक अंक में शीघ्र निःशुल्क प्रकाशित/प्रसारित करवाकर इस कार्यालय को सूचित करने का श्रम करावें।
9. डिप्टी कमाण्डेन्ट/एड्ज्यूटेन्ट/क्वार्टर मास्टर/सहायक कमाण्डेन्ट–प्रथम/द्वितीय, तीसरी बटालियन आरएसी, बीकानेर।
10. सुबेदार एड्ज्यूडेन्ट, तीसरी बटालियन आरएसी, बीकानेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त प्रेस नोट को तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

कमाण्डेन्ट
तीसरी बटा. आरएसी बीकानेर

Signature valid

Digitally signed by Seema Hingonia
Designation : Additional Superintendent of Police
Date: 2025.12.16 14:13:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19411559
eSign 1.0